## शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

# अमरवाड़ा में युवक ने जहर खाया पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अमरवाड़ा थाना क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने पुलिस पर दबाव और पैसे की मांग के आरोप लगाते हुए जहर का सेवन कर लिया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार, यह मामला 17 मार्च 2026 को हुई एक युवती की मौत से जुड़ा है। लिंगपानी निवासी 23 वर्षीय युवती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवती का बिछुआ निवासी बीरबल उइके नामक युवक से प्रेम संबंध था और दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवार की असहमति के कारण युवती ने यह कदम उठाया।इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की और युवक बीरबल हुई को पूछताछ के लिए बुलाया गया। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान पुलिस द्वारा उस पर दबाव बनाया गया।पीड़ित युवक के अनुसार, पुलिस द्वारा उससे 50 हजार रुपये की मांग की गई थी। उसने आरोप लगाया है कि वह अब तक 20 हजार रुपये दे चुका है, जिसमें 10 हजार रुपये नकद और पांच-पांच हजार रूपए दो बार ऑनलाइन दिए गए। शेष राशि के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था, जिससे परेशान होकर उसने जहरीला पदार्थ (अरबीसाइट) का सेवन कर लिया।



घटना के बाद युवक को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के संचालक रत्नेश रघुवंशी ने पुष्टि की कि बीरबल उइके नाम का युवक जहर सेवन की हालत में आईसीयू में भर्ती है और उसका इलाज जारी है। पुलिस भी अस्पताल पहुंचकर उसके बयान ले चुकी है। वहीं, इस पूरे मामले में पुलिस के अधिकारियों ने आरोपों को सिरे से खारिज किया है। थाना प्रभारी जागेश का कहना है कि युवक को केवल बयान के लिए बुलाया गया था और किसी भी प्रकार की पैसों की मांग नहीं की गई। मामले की जांच कर रहे अधिकारी एसआई करतार सिंह बघेल ने भी कहा कि युवक ने बयान नहीं दिए और घबराहट बताकर वहां से चला गया था।फिलहाल, मामला आरोप-प्रत्यारोप के बीच उलझा हुआ है। एक ओर युवक और उसका परिवार पुलिस पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं, वहीं पुलिस इन आरोपों को निराधार बता रही है। इस पूरे मामले की जानकारी जिले के पुलिस अधीक्षक अजय पांडे को भी दी गई है। अब देखना यह होगा कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और क्या वास्तव में युवक पर किसी प्रकार का दबाव बनाया गया था।वर्तमान में युवक आईसीयू में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और यदि कोई दोषी हो, तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके।

# चोरी के मामलों में ढिलाई या कुछ और ठेकेदार ने उच्चाधिकारियों से की शिकायत



दमुआ : जिले के दमुआ थाना क्षेत्र से पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। रामनगर दमुआ निवासी ठेकेदार मोहित कुमार यादव ने पुलिस उप महानिरीक्षक को शिकायत पत्र सौंपते हुए थाना प्रभारी पर लापरवाही और कथित अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी शेष है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, वह नगर पालिका परिषद दमुआ के वार्ड क्रमांक 17 में अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब निर्माण कार्य कर रहे हैं। इसी दौरान 12-13 जून को उनकी कंक्रीट मिक्सर मशीन चोरी हो गई थी। इसके बाद 11-12 जुलाई को उसी स्थल से लोहे के एंगल, जीआई चैन लिंक जाली, हाथ ट्रॉली, मोटर और सिलेंडर सहित करीब 3 लाख रुपए का सामान चोरी हो गया।

आरोप है कि चोरी की शिकायत 4 अगस्त 2025 को ऑनलाइन दर्ज कराई गई, लेकिन पुलिस द्वारा लगभग दो माह बाद मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि साइबर सेल द्वारा भी जांच की गई, पर अब तक कोई ठोस रिपोर्ट सामने नहीं आई है।

शिकायत पत्र में कुछ अन्य मामलों का भी उल्लेख किया गया है, जिनमें पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। इनमें सरकारी बीएसएनएल बैटरियों की चोरी का मामला, रेत परिवहन से जुड़ा प्रकरण और एक अन्य चोरी के केस में समझौते की बात कही गई है। हालांकि, इन सभी आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि उनके मामले में भी संदिग्धों के नाम बताए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। साथ ही, स्थानीय स्तर पर चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त और कथित वसूली की बात भी पत्र में उठाई गई है।

मामले में शिकायतकर्ता ने उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि आम जनता का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास बना रहे। इस संबंध में प्रतिलिपि सांसद, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों को भी भेजी गई है।

फिलहाल, इस पूरे मामले में संबंधित पुलिस अधिकारियों की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में सभी आरोप जांच के दायरे में हैं और वास्तविक स्थिति स्पष्ट होना बाकी है।

## परचम कुशाई के साथ हजरत गनी का उर्स आरंभ



**न्यूटन / परासिया :-** न्यूटन नंबर 9 में स्तिथ हजरत गनी की दरगाह में उनके 20 वें सालाना उर्स में आज राजस्थान के कव्वाल दिलशाद - इरशाद साबरी समा बांधेगे । बुधवार को परचम कुशाई के साथ उर्स का शुभारम्भ हुआ ।हजरत गनी के उर्स में गद्दी नशीन डॉक्टर कदीर , सदर सैयद जमील खान ने परचम कुशाई की । सभी चाहने वालों ने चादर पेश की और देश में अमन चैन , भाईचारे , उन्नति की दुआएं मांगी गई । गौरतलब है , कि हजरत गनी कौमी एकता के प्रतीक रहे हैं । सभी धर्म और समाज के लोग उनका बेहद सम्मान करते थे । उनके जाने के बाद भी उनके साथ लोगों की आस्था जुड़ी है । परचम कुशाई के मौके पर सैकड़ो की संख्या में लोग दरबार पहुंचे । जिनमें मुख्य रूप से अबरार रिजवी , सलीम ताज , शरीफ खान , हातम खान , शोएब सिद्दीकी , असलम खान , शाहिद खान , ममनून अली , हबीब ताज , इकरार रिजवी , जाटाछापर सरपंच नरेंद्र धुर्वे , विजय चंदेल , फागु प्रसाद शामिल हुए । आज 2 अप्रैल को कव्वाली का शानदार कार्यक्रम दिलशाद इरशाद साबरी राजस्थान ताज वाले फ्रेम रात्रि 9:00 बजे से अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे । उर्स कमेटी ने लोगों से उर्स में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है ।

## विद्यालय में हुआ प्रवेश उत्सव



**जुन्नारदेव।** नगर के शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव में नए शिक्षण सत्र 2026-27 की शुरुआत के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यालय पहुंचे छात्राओं का पुष्प वर्षा कर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया तत्पश्चात छात्र छात्राओं ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा एवम प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का उद्बोधन सुना कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष एस डी एम कामिनी ठाकुर द्वारा छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर पुस्तके वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय प्राचार्य सी एस दीक्षित प्रधान पाठक संजीव पांडे खेल प्रशिक्षक अनुरोध शर्मा एन सी सी ऑफिसर मनोज शर्मा शिक्षक संजय अरोड़ा निखलेश डेहरिया वैजनाथ डेहरिया अभय दुबे टी आर चौहान राकेश पवार अजय जैन धर्मेंद्र मालवी वरिष्ठ शिक्षिका वर्षा बंदेवार अलका तेलंग अनिता वर्मा आशा डेहरिया कविता शर्मा विभा चतुर्वेदी संध्या उइके अनुराधा चौरसिया नीलम सोमकुवर उमा पवार तस्नीम अख्तर शेख आशा घाटे नमिता ठाकुर ज्योति टोरिया प्रीति ठाकुर सीमा बघेले अनिता शर्मा सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

## एमआईसी बैठक में बड़े फैसले: कचरा शुल्क, दुकानों के दाम और सड़क निर्माण में बदलाव को हरी झंडी

### महापौर विक्रम सिंह अहके की अध्यक्षता में 4 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम की मेयर-इन-काउंसिल (एमआईसी) की अहम बैठक बुधवार को महापौर विक्रम सिंह अहके की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें शहर के विकास और राजस्व से जुड़े चार महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। करीब एक घंटे तक चली इस बैठक में सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिससे निगम की कार्यप्रणाली और जनसुविधाओं में सुधार की दिशा तय हुई।

बैठक में कचरा शुल्क में 50 प्रतिशत तक कटौती के प्रस्ताव पर गंभीरता से पुनर्विचार किया गया। यह मुद्दा सीधे तौर पर नगर निगम की आय से जुड़ा होने के कारण सदस्यों ने इसके वित्तीय प्रभाव का आंकलन आवश्यक माना। अंततः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए शासन स्तर पर भेजा जाएगा, ताकि व्यापक स्तर पर इसकी समीक्षा हो सके।दूसरे अहम फैसले के तहत प्रताप शाला कॉम्प्लेक्स की प्रथम तल पर स्थित 8 दुकानों के आरक्षित मूल्य में कमी करने का निर्णय लिया गया। पिछले लगभग एक दशक में इन दुकानों के लिए 15 बार निविदाएं आमंत्रित की गईं, लेकिन ऊंचे आरक्षित मूल्य के कारण एक भी दुकान आवंटित नहीं हो सकी। अब 15 प्रतिशत तक मूल्य घटाने से इन दुकानों के आवंटन का रास्ता साफ हो गया है, जिससे निगम को राजस्व प्राप्ति की उम्मीद बढ़ी है।इसी क्रम में तीसरे प्रस्ताव के तहत माल धक्का कॉम्प्लेक्स की दुकानों के आरक्षित मूल्य में भी अधिकतम 15 प्रतिशत तक कमी का निर्णय लिया गया।



लंबे समय से खाली पड़ी इन दुकानों से निगम को लगातार नुकसान हो रहा था। नए फैसले के बाद इनके उपयोग और आय में वृद्धि की संभावनाएं मजबूत हुई हैं।बैठक में चौथा और महत्वपूर्ण प्रस्ताव 'मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना' के अंतर्गत लंबित सड़क निर्माण कार्यों से जुड़ा रहा। 817.25 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत 18 कार्यों में से 15 पूरे हो चुके हैं, जबकि 3 कार्य तकनीकी कारणों से अटके हुए हैं।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह आज, श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में भव्य आयोजन

**जुन्नारदेव।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आज गुरुवार को नगर के प्रमुख आराध्य स्थल श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में रामदूत श्री हनुमान जी का जन्म अभिषेक हवन पूजन प्रातः 5:00 बजे से प्रारंभ होगा। इसके पश्चात आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया जाएगा। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में भक्त जनों एवं समिति सदस्यों के द्वारा दिनभर श्री हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा।इस अवसर पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के समस्त सदस्य एवं भक्तजन उपस्थित रहेंगे। इसके पश्चात शाम 5 बजे से स्थानीय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से भगवान श्री हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्ग में भ्रमण करने के पश्चात इस शोभायात्रा का समापन श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में किया जाएगा। यहां पर श्री हनुमत लला की भव्य आरती की जाएगी तथा पुरस्कार वितरण उपरांत भंडारा का आयोजन भी किया गया है।



## रेडियंट ने मनाया परीक्षा परिणाम दिवस

**चौरई।** रेडियंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, चौरई के विद्यार्थियों ने लहराया परचम आज वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा, जिसमें छात्रों ने न केवल उच्च अंक प्राप्त किए, बल्कि अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। परिणाम घोषित होने के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। कक्षा वार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नामों की घोषणा की गई, जिन्होंने कड़ी मेहनत से विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विकास जैन जी ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके पालकों को बधाई देते हुए कहा यह सफलता हमारे शिक्षकों के समर्पण और विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम का परिणाम है। हमारा लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। हम भविष्य में भी शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




# कर्मचारी संघ ने शालाओं का समय बदलने की रखी मांग

### तेज गर्मी बिगाड सकती है मासूमों की सेहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

वर्तमान में सूर्यदेव के तीखे तेवर शरीर झुलसाती गर्मी न केवल वयस्क बल्कि स्कूल जाने वाले मासूम बच्चे भी हलाकान हैं। इस स्थिति को देखते हुए तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति गहरी चिंता व्यक्त की है और शासन-प्रशासन से स्कूलों के संचालन समय में तत्काल परिवर्तन करने की पुरजोर मांग उठाई है।

### नौनिहालों की सुरक्षा सर्वोपरि

कर्मचारी संघ का कहना है कि दोपहर की चिलचिलाती धूप के बीच छोटे बच्चों का कक्षाओं में बैठना किसी सजा से कम नहीं है। बंद कमरों में उमस गर्मी के कारण बच्चों में डिहाइड्रेशन और थकावट जैसी बीमारियाँ फैलने का खतरा बढ़ गया है। संघ के अनुसार, शिक्षा जरूरी है, लेकिन बच्चों के स्वास्थ्य की कीमत पर नहीं। यदि समय रहते विद्यालयों की छुट्टी का समय नहीं बदला गया, तो यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने एक स्वर में प्रशासन को सलाह दी है कि विद्यार्थियों को राहत देने के लिए शालाओं का संचालन प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक सुनिश्चित किया जाए। इससे बच्चे दोपहर की झुलसाने वाली धूप के चरम पर पहुंचने से पहले सुरक्षित अपने घरों को लौट सकेंगे। इस आशय की मांग करनेवालों में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ अध्यक्ष रामगोपाल भोयर, संरक्षक चंद्रशेखर इंगले, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सविता कथने, रंजना कोल्हे, सचिव शत्रुघ्न मस्तकार, सुनील यावले, संजय डाबरे, रविंद्र कोहले तथा अन्य शामिल है।

## आपूर्ति विभाग की घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर कार्रवाई, दो सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति अधिकारी छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन में आज छिंदवाड़ा स्थित प्रतिष्ठान खान होटल पर घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग के संबंध में जांच की गई। जांच टीम में सहायक अधिकारी चौरई श्री राघवेन्द्र सिंह लिल्हारे, अमरवाड़ा एवं बिछुआ के संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान खान होटल के संचालक श्री शारीक खान पिता श्री अकबर खान के यहां से 02 नग आंशिक भरे घरेलू गैस सिलेंडर पाए गए, जिनका अनुमानित मूल्य 4664 रुपये आंका गया।

घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से संग्रहण एवं दुरुपयोग पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया तथा सिलेंडरों को जब्त किया गया। इसके अलावा जांच दल द्वारा अन्य प्रतिष्ठानों जैसे टीटू ढाबा, भाऊ ढाबा, आदिल होटल, हलहम होटल एवं रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित दुकानों की भी जांच की गई, जहां चूल्हा एवं इलेक्ट्रिक इंडक्शन का उपयोग किया जाना पाया गया।

## श्री हनुमान जी प्रकट उत्सव पर भव्य झांकी

**दमुआ।** आज दिन 02 अप्रैल को श्री हनुमान जी प्रकट उत्सव के पावन पर्व पर भव्य झांकी एवं शोभायात्रा निकाली जावेगी जिसका आयोजन दमुआ नगर शहर सहित आसपास के एरिया क्षेत्र बस्ती कालोनी वार्ड के विभन्न क्षेत्र नंदन राखीकोल कोलवाशरी माईनस , मेगजीन दफाई, पुराना दमुआ दमुआ न. 8 रामनगर, नई दफाई, दमुआ बाजार , दमुआ न. 12 मेन मार्केट दमुआ , दीनदयाल चैक, इन्द्रा चैक, नया बस स्टेण्ड दमुआ , कुटम्बदेव , भरदी भाखरा घोरावाडी, झरना पुरैना खालसा, नीमढाना एवं हमारे हनुमान मंदिर आदि क्षेत्रो में भव्य श्री हनुमान जी की झांकी शोभायात्रा का भ्रमण होगा तत्पश्चात शोभा यात्रा रैली झांकी श्री हनुमान मंदिर तीन पुलिया दमुआ पहुंचकर पूजन अनुष्ठान हनुमान चालिसा का पाठ आरती, का कार्यक्रम होगा।

## कलेक्टर ने बच्चों पर बरसाएं फूल, सांदीपनी स्कूल में प्रवेशोत्सव की धूम

**पांढुर्णा।** आज यहां सांदीपनी विद्यालय में नए सत्र के लिए धूमधाम से प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने शालेय छात्र छात्राओं पर फूल वर्षा कर उनका स्वागत किया और एक छोटे छात्र को अपने गोद में बिठाकर प्रवेशोत्सव का शुभारंभ किया। प्रवेशोत्सव समारोह के अध्यक्ष के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे तथा मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर नीरज श्रीवास्तव मौजूद रहे। विद्यार्थियों को फूल माला एवं तिलक लगाकर शाला में प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर संस्था के केजी 1 से कक्षा 11 वीं में प्रथम स्थान पानेवाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। संस्था के विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। इस संस्था के मिन्स कम मेरिट में चयनित 9 विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। अन्य अतिथियों में नगरमंडल अध्यक्ष बंटी छागाणी, पार्षद लोचन खवसे, पंकज नाईक, सचिन बागडे, उमेश उरकुडे, महेंद्र घोडे, मदन भांगे, प्रदीप जुननकर, प्रदीप कामदार, दुर्गेश उईके, भगवती कुंडे, प्रीति गिरारे एवं अन्य उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्य चंद्रशेखर बरेठ द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ विद्यार्थियों को आगामी, शिक्षा सत्र हेतु शुभकानाएं दी गई। इस अवसर पर अभिभावकगण, संस्था की उपप्राचार्य वीणा मनवकडे, माशा विभाग प्रमुख स्मिता पात्रिकर, प्राथमिक विभाग प्रमुख प्रदीप डोबले और अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



## संयुक्त टीम ने 1200 वर्गफीट शासकीय भूमि कराई मुक्त, सड़कें हुईं साफ

# निगम का चला बुलडोजर, नरसिंगपुर रोड ब्रिज और होटल के पास से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम का एक्शन मोड जारी है और शहर में अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। नरसिंगपुर रोड ब्रिज के नीचे और अभिमन्यु होटल के पास हुई ताजा कार्रवाई ने साफ संकेत दे दिया है कि अब शासकीय जमीन पर कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देश पर राजस्व, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने सुनियोजित तरीके से कार्रवाई करते हुए पहले नरसिंगपुर रोड ब्रिज के नीचे डेरा जमाए फल और मंगोड़े विक्रेताओं द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया। लंबे समय से यह इलाका अव्यवस्थित था, जिससे यातायात बाधित हो रहा था और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को पूरी तरह साफ कर क्षेत्र को मुक्त कराया।इसके बाद कार्रवाई का दूसरा बड़ा चरण अभिमन्यु होटल के पास देखने को मिला, जहां राजस्व विभाग, तहसीलदार, पुलिस और नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने मिलकर लगभग 1200 वर्गफीट शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।





प्रशासन की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया को तेजी और सख्ती के साथ अंजाम दिया गया, जिससे किसी प्रकार का विरोध प्रभावी नहीं हो सका।इस कार्रवाई का सीधा असर शहर की यातायात व्यवस्था पर पड़ा है। जिन स्थानों पर पहले जाम और अव्यवस्था आम बात थी, वहां अब रास्ते साफ नजर आ रहे हैं।

## जामसांवली में आज उमड़ेगा भक्तों का जनसैलाब, हनुमान लोक का एशिया, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज

# राम आएंगे... स्वस्ती मेहुल के गीतों पर झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

प्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर 'हनुमान लोक' जामसांवली धाम में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य आध्यात्मिक महाकुंभ इन दिनों श्रद्धा, समर्पण और भक्ति की त्रिवेणी बना हुआ है। दिव्य रामकथा चतुर्थ दिवस पर जामसांवली की पावन धरा पर मानो साक्षात त्रेतायुग उतर आया हो। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने अपनी अमृतवाणी से रामचरितमानस के उन गूढ़ रहस्यों को उद्घाटित किया, वही विश्व विख्यात गायिका स्वस्ती मेहुल के गीतों पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते नजर आए, आज हनुमान जयंती पर त्रिमूर्ति का रुद्राभिषेक महाआरती की जाएगी।

हनुमान जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में आयोजित आध्यात्मिक महोत्सव ने एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। पूज्य रसराज जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित सुंदरकांड पाठ में 14937 श्रद्धालुओं ने एक स्वर में पाठ कर संस्थान का नाम एशिया एवं इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज करा दिया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद अब 'हनुमान लोक' की चमक विश्व पटल पर और भी प्रखर होकर उभरेगी। श्री रामभद्राचार्यजी को सुनने उमड़ रहा है।

### उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

कथा के चौथे दिन जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने श्रीराम के वनवास प्रसंग की अनूठी व्याख्या की। उन्होंने कहा कि राम का वनवास कोई विवशता नहीं, बल्कि असुरों के संहार और लोकमंगल के लिए लिया गया एक दिव्य संकल्प था। महाराज जी ने 'ॐ' की महिमा और 'नीलाम्बर श्यामल' चौपाई के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भक्तों को प्रभु चरणों से जुड़ने का मार्ग बताया।



### गायिका स्वस्ति मेहूल की भजन संध्या ने बांधा समां

कथा के पश्चात आयोजित संगीमय भजन संध्या में सुप्रसिद्ध गायिका स्वस्ति मेहूल ने अपनी मधुर आवाज से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ३राम आएंगे३ और ३द्वार मेरे राम आए३ जैसे भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। सामूहिक हनुमान चालीसा के जयघोष से समूचा परिसर गुंजायमान रहा। प्रशासनिक व्यवस्था और गणमान्य उपस्थितिश्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।इस भव्य आयोजन के दौरान कलेक्टर पांढुर्णा नीरज कुमार वशिष्ठ, पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड,संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा,सचिव टीकाराम ट्रस्टी सतोष डवरे,दादाराव बोबडे, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, एड़ अजय धवले,अजय धवले, मोहन ताजने,नीलेश खंडाइत,मनोहर शेलकी,राजू बाविस्टाले, विकास शर्मा आदि थे।

## सिंगोड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया स्कूल प्रवेशोत्सव पर्व

सिंगोड़ी :- नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के साथ संपूर्ण जिले में 1अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगोड़ी सहित क्षेत्र के सभी विद्यालयों में नए सत्र 2026 का प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय प्राचार्य और जिला स्तर से आए नोडल अधिकारी संदीप देशमुख सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग आयोग की विशेष उपस्थिति में सुबह 11 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सभी की सहभागिता से विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही उत्कृष्ट विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का सम्मान भी किया गया।वही शाला से बाहर रहे चिह्नित बच्चों का नामांकन भी सुनिश्चित किया गया।इस अवसर पर जिला स्तर से आए नोडल अधिकारी संगीत देशमुख ने बच्चों से संवाद किया उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और हमेशा स्वयं अपनी मेहनत कर लगनता के साथ आगे बढ़ते रहे आदि कहकर नवप्रवेश पर्व की बधाई दी।इस दौरान विद्यालय प्राचार्य बी एस सीलू ने और श्री देशमुख ने समस्त उपस्थित बच्चों का तिलक लगाकर मुंह मीठा कराकर उन्हें शुभकामनाएं दी।साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ कक्षोन्नती प्राप्त न करने वाले विद्यार्थियों के पुनः प्रवेश के प्रयास करने की बात कही। स्कूल चले अभियान के दौरान बालसभा, विशेष भोज, शाला प्रबंधन समिति की बैठक एवं शत-प्रतिशत नामांकन और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करने की बात कही गई ।मंच का संचालन उच्च माध्यमिक शिक्षिका मौल श्री चौरे ने की इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं सहित विद्यालयीन बच्चे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## सिंघानिया को दि जिला वस्त्र एम्प्लाइज यूनियन ने श्रद्धांजलि

सौंसर। औद्योगिक क्षेत्र बोरगांव स्थित जिला वस्त्र उद्योग एम्प्लाइज यूनियन के कार्यालय और रेमंड कंपनी परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। यह सभा रेमंड समूह के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। कर्मचारियों ने उद्योग जगत में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें अपनी आदरांजली अर्पित की। इस श्रद्धांजलि सभा में रेमंड कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में श्रमिकों के साथ जिला वस्त्र एम्प्लाइज यूनियन बोरगांव के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे। इस दौरान जिला वस्त्र एंप्लाइज यूनियन के पदाधिकारी ने बताया३की स्वर्गीय विजयपत सिंघानिया जी का जाना उद्योग जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने न केवल रेमंड को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया, बल्कि हजारों परिवारों को रोजगार और संबल भी दिया है।

## नन्ही प्रतिभा ने लहराया परचमः दृष्टि मालवी ने हासिल किए 100% अंक, स्कूल में पाया प्रथम स्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

छिंदवाड़ा जिले के चौरई नगर पालिका परिषद क्षेत्र के रेडिएंट इंग्लिश मीडियम स्कूल की नन्ही छात्रा दृष्टि मालवी ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शानदार सफलता हासिल की है। के.जी.-2 कक्षा की छात्रा दृष्टि ने सभी विषयों में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर A+ ग्रेड हासिल किया और अपनी कक्षा में प्रथम स्थान (1st) प्राप्त किया।दृष्टि मालवी, श्री निलेश मालवी एवं श्रीमती नेहा मालवी की सुपुत्री हैं। इतनी छोटी उम्र में इस प्रकार का उत्कृष्ट प्रदर्शन न केवल उनके परिवार बल्कि विद्यालय के लिए भी गर्व का विषय है।विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने दृष्टि की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षकों का कहना है कि दृष्टि शुरू से ही पढ़ाई में होनहार रही हैं और हर गतिविधि में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं।परिजनों ने भी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के मार्गदर्शन एवं बच्ची की मेहनत को दिया है। दृष्टि की इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। क्षेत्र में इस सफलता को लेकर हर्ष का माहौल है और सभी लोग नन्ही छात्रा को बधाई दे रहे हैं।

### मेधावी छात्रों को किया मोहोड़ ने किया पुरस्कृत

सौंसर। नगर की शासकीय सांदीपनि विद्यालय में शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ 'प्रवेश उत्सव' के रूप में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री नाना मोहोड नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा उपस्थित रहीं।सत्र के पहले दिन बुधवार बच्चो के स्वागत के साथ छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया, वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 9वीं और 11वीं के कुल 23 छात्र-छात्राओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## विधायक, ग्रामीणों ने किया मोहगांव शराब दुकान का विरोध

सौसर/मोहगांवः नगर मोहगांव के एमपीईबी कार्यालय के सामने पुरानी शासकीय शराब दुकान को पुनः शुरू करने के प्रयास पर बुधवार को भारी हंगामा हुआ। स्थानीय महिलाओं के कड़े विरोध,क्षेत्रीय विधायक के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन को अपने कदम पीछे खींचने पड़े। नए शराब ठेकेदार द्वारा पुरानी दुकान पर बोर्ड लगाकर इसे संचालित करने की कोशिश की जा रही थी। जैसे ही इसकी खबर नगर की महिलाओं को लगी, वे लामबंद होकर दुकान के सामने धरने पर बैठ गईं। सूचना मिलते ही विधायक विजय चौरे तत्काल धरना स्थल पर पहुंचे और महिलाओं के आंदोलन को अपना समर्थन दिया। विधायक विजय चौरे ने मौके से ही आबकारी और प्रशासनिक वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि मोहगांव-छत्रापुर रोड पर स्थित वर्तमान दुकान को ही यथावत रखा जाए और रिहायशी इलाके में नई दुकान किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक के कड़े रुख और जन आक्रोश को देखते हुए प्रशासन ने पुरानी दुकान से बोर्ड हटवा दिया और दुकान को पूर्व स्थान पर ही संचालित करने का आश्वासन दिया।विधायक चौरे ने स्थानीय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा की मोहगांव हवेली क्षेत्र अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग का पावन परिसर है। इसके बावजूद यहाँ धड़ल्ले से अवैध शराब और गांजा बेचा जा रहा है। बार-बार शिकायत के बाद भी अधिकारी मौन हैं। यदि इन अवैध धंधों पर जल्द लगाम नहीं लगाई गई, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा।



## गैस सिलेंडर की होगी होम डिलीवरी, बिल भी घर आकर काटेंगे एजेंसी के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

गैस नहीं मिलने की शिकायत , एजेंसी केंद्रों में लगी भीड़ , घंटों कतार में खड़े रहने आदि की समस्या से शायद अब छुटकारा मिल जाएगा । क्योंकि एस डी एम परासिया ने गैस एजेंसी संचालकों को होम डिलीवरी करने , और उपभोक्ता के घर जाकर ही बिल काटने के सख्त निर्देश दिए हैं ।

बता दें कि पिछले एक माह से रसोई गैस की किल्लत , बुकिंग नहीं होने की समस्या , बुकिंग होने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिलने की परेशानी को लेकर कांग्रेस लगातार शिकायत करने के साथ - साथ शासन - प्रशासन को घेर रही थी । बुधवार को भी कांग्रेस के लोग इन्हीं समस्याओं को लेकर एस डी एम शुभम यादव से मिले और गैस उपभोक्ताओं को हो रही दिक्कतों से अवगत कराया । जिसके बाद एस डी एम ने एजेंसी संचालकों से बात की और खुद भी एजेंसी केंद्रों पर पहुंचे । इसके बाद संचालकों को होम डिलीवरी देने , और उपभोक्ता के घर जाकर ही बिल काटने के निर्देश दिए । साथ ही उपभोक्ताओं को सिलेंडर के लिए एजेंसी केंद्रों पर नहीं जाने को कहा ।



## शास.उच्च.माध्य. विद्या.नगपुरा में मनाया प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नगपुरा में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम बड़े ही धुमधाम से मनाया गया। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विधार्थियों को टी. वी पर दिखाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने शिक्षामंत्री स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र. एवं माननीय मुख्यमंत्री के उद्बोधन को ध्यानपूर्वक सुना। शाला स्तर पर कक्षा 9वी में नव प्रवेशी विद्यार्थियो का बड़े ही गरमजोशी से शाला में स्वागत किया गया तत्तपश्चात सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को निः शुल्क पाठय पुस्तको का वितरण करते हुए उन्हे टाफी / चाकलेट देकर मुहं मीठा कराया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य ने शाला में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्हें रोजगार कौशल से होने वाले फायदे के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया जिसमें व्यावसायिक भ्रमण, अतिथि व्याख्यान व संस्था में कराये जा रहे प्रायोगिक कार्यो व संसाधनो के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत नगपुरा की सरपंच अनिता लिल्हारे, पंच दिनेश मेहरबान, गेंदलाल दमाहे, चेतराम सोनवाने, कुंजीलाल लिल्हारे उपस्थित हुए । कार्यक्रम में संस्था से सोमलाल बारेकर पुखराज करकड़े, मोनिका सोनबिरसे, अनुराधा उहखाल, अनिता बिरनवार, देवेन्द्र नगपुरे, दीप्ती पटले व समस्त शाला के स्टाप उपस्थित रहा।

## पाली अकादमिक संस्थान में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया

हरिभूमि न्यूज लांजी। प्रथम सी.बी.एस.ई. विद्यालय पाली अकादमिक संस्थान बिसोनी में सत्र 2025-26 का कक्षावार ३वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। साथ ही सत्र 2026-27 के लिए नवीन सत्र का प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्र 2025-26 में निम्नलिखित छात्र / छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। संस्थान से कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान मानस भालाधरे 98.00%, द्वितीय स्थान भारवी कचलाहे 97.05%, तृतीय स्थान उर्वांश मोहुरले 96.86%, कक्षा KG 1+A प्रथम स्थान वेद सोनबिरसे 99.83%, द्वितीय स्थान सार्वी उके 97.33%, तृतीय स्थान अजलान खान 96.66%, कक्षा KG 1+B प्रथम स्थान लिना शेख 99.16%, द्वितीय स्थान आरुष डोंगरे 98.00%, तृतीय स्थान मिहिका गौतम 96.33%, कक्षा KG 2+A प्रथम स्थान बोधिका भिमटे 98.66%, द्वितीय स्थान ग्रीशा ऐडे 97.05%, तृतीय स्थान दिकक्षांत बड़में 96.83%, कक्षा KG 2-B- प्रथम स्थान कृतिका किरार 99.05%, द्वितीय स्थान खुशिका करहि 98.00%, तृतीय स्थान अथर्व खोंगल 97.16%, कक्षा पहली A प्रथम स्थान जिविका किरार 99.00%, द्वितीय स्थान सायशा बसेना 96.62%, तृतीय स्थान मोहित कुचलाहे 96.05%, कक्षा पहली+B प्रथम स्थान अनाया टेम्भरे 98.00%, द्वितीय स्थान विवांश लोखंडे 97.87%, तृतीय स्थान नोमित जिवतोडे 97.75%, कक्षा दूसरी स्थान प्रतिष्ठा कांड्रा 99.25%, द्वितीय स्थान अलास्का वाशनिक 98.75%, तृतीय स्थान शिवाय सोनवाने 97.03%, कक्षा तीसरी प्रथम स्थान जिवया टेंभरे 96.75%, द्वितीय स्थान दिव्या बुर्डे 94.12%, तृतीय स्थान रितिक कटरे 93.87%, कक्षा तीसरी-B प्रथम स्थान मयोन गरुडे 91.37%, द्वितीय स्थान काव्या बैठवार 91.12%, तृतीय स्थान वेदार्थ चौरसिया 87.05%, कक्षा चौथी+A प्रथम स्थान हर्ष गुर्डे 96.25%, द्वितीय स्थान धैर्य मेश्राम 92.75%, तृतीय स्थान अवनी रामटेके 92.12%, कक्षा चौथी B प्रथम स्थान मायरा फातिमा 91.05%, द्वितीय स्थान प्रियांशी चौधरी 91.12%, तृतीय स्थान समर्थ रण्डिवे 90.37%, कक्षा पाँचवी +A प्रथम स्थान अपुर्वा चन्द्रिकापुरे 96.12%, द्वितीय स्थान जायरा खान 95.00%, तृतीय स्थान आरोही गजभिये 93.37%, कक्षा पाँचवी+B प्रथम स्थान दर्शिका चौधरी 97.87%, द्वितीय स्थान श्रुति रण्दिवे 97.37%, तृतीय स्थान दक्ष दशरिया 96.00%, कक्षा छटवी प्रथम स्थान सानिध्य चौरे 95.16%, द्वितीय स्थान प्रिया समरिते 92.66%, तृतीय स्थान पूर्वी पंचाले 92.50%, कक्षा सातवी प्रथम स्थान निधी चौधरी 90.25%, द्वितीय स्थान राज आसटकर 90.08%, तृतीय स्थान सिद्धार्थ कांड्रा 87.00%, कक्षा आठवी प्रथम स्थान अदिति श्रीखंड़े 95.68%, द्वितीय स्थान उदिप्ति सोनवाने 94.58%, तृतीय स्थान प्रशिक मेश्राम 94.41%, कक्षा नवमीं - प्रथम स्थान प्रीयांशु विजयवार 95.08%, द्वितीय स्थान दिव्या काड़े 94.91%, तृतीय स्थान माधव अड़े 92.83% विद्यालय छात्र प्रतिनिधि बेस्ट एंकरिंग अवार्ड देशना वैद्य, अंग्रेजी सप्ताह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वैभव सिंह लोधी, गणित सप्ताह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन - पुष्य ऐडे, विज्ञान सप्ताह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आर्या सोनटेके, शाला छात्र प्रतिनिधि में हेड बाय लक्ष्य रण्दिवे, हेड गर्ल दिव्या काहे, सांस्कृतिक प्रमुख प्रखर बिसेन, देशना वैद्य, खेल प्रमुख वेदांग चन्द्रिकापुरे, सौम्या बिल्हारे, अनुशासन प्रमुख माधव अड़े. अक्षलिना बांसोड़, स्वास्थ्य प्रभारी लिकेश सोनवाने, तनुश्री करहि, स्वच्छता भविष्य खोंगल, बरिरा बेग, समस्त छात्र प्रतिनिधियों का सराहनीय योगदान रहा।



## घोटी नांदौरा के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया



हरिभूमि न्यूज लांजी। लांजी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम घोटी नन्दौरा में शासन की निर्देश निर्देशानुसार 1 अप्रैल को शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल घोटी में प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा करके। सरस्वती वंदना करते हुए। समस्त स्कूल के छात्र, एवं छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। प्रवेश उत्सव के इस कार्यक्रम में समस्त जनप्रतिनिधि गण। जनपद सदस्य श्रीमती सरस्वती बारेकर लांजी, श्रीचंद कामड़े सरपंच घोटी, तुकाराम बारेकर महामंत्री भारतीय जनता पार्टी मण्डल लांजी, सम्पत चौधरी अध्यक्ष पलक संघ,एस. एस. धारने प्रिंसिपल घोटी, बी. के. मेहरबान, ए. एल. मानकर, . के. सोनवाने, एस. आर.धारने , पी एल घोरमारे, डी आर दमाहे, उमेश लिल्लहारे, लक्ष्मी माछीरके, पिंकी मुजाल्दा, रामेश्वरी घोंघड़े, मीनाक्षी तिड़के, पी के सोनवाने, रोहित लिमजे, नीलिमा ठौरे, विनोद रणदीवे, हर्षा सोनवाने, नेहा सोनवाने, मुनेन्द्र बोरकर, महेन्द्र सोमनकर, नरेश मिसारे, संकेत मानकर, रामप्रसाद बनोठे, मनीष जुमड़े, हामिद शेख, संजय डोंगरे, पुष्पा चौधरी, मनीषा घोरमारे एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। प्रवेश उत्सव में जनपद सदस्य श्रीमती सरस्वती बारेकर, सरपंच श्रीचंद कामड़े, महामंत्री तुकाराम बारेकर, पलक संघ अध्यक्ष सम्पत चौधरी, प्राचार्य एस.एस. धारने सहित समस्त स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनपद सदस्य श्रीमती सरस्वती बारेकर ने बच्चों से कहा कि स्कूल में स्टाफ और संसाधनों की कोई कमी नहीं है, सभी विद्यार्थी नियमित रूप से स्कूल आएं और अपने साथियों को भी प्रेरित करें। कार्यक्रम के अंत में समस्त विद्यार्थियों का तिलक वंदन कर स्वागत किया गया।

### पत्नि का इलाज कराने सोमवार को गए थे गोंदिया, मंगलवार की शाम को लौटे तो पता चला चोरी का

# शासकीय ठेकेदार प्रवीण खरोले के घर से लाखों के जेवरात चोरी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चोरों द्वारा जहॉ पर सूना घर देखा, वहीं चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है। निकटस्थ ग्राम पंचायत वारा के शिवधाम मोहल्ला वार्ड नम्बर 20 में रहने वाले शासकीय ठेकेदार प्रवीण खरोले के सूने निवास स्थान से लगभग 7 तोले सोने के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी अनुसार शिवधाम मोहल्ले में रहने वाले शासकीय ठेकेदार प्रवीण खरोले अपनी बीमार पत्नि व जनपद पंचायत वारासिवनी की पूर्व सदस्य रंजीता खरोले का इलाज करवाने के लिए 30 मार्च की सुबह 10 बजे घर में ताला लगाकर गोंदिया चले गए थे। जब वह अपनी पत्नि का इलाज करवा कर 31 मार्च की शाम लगभग 4 बजे वापस घर पहुँचे, तो उनके घर के दरवाजे का कुंदा टूटा हुआ था। उन्होंने जब घर के अंदर जाकर देखा, तो घर में रखे हुए सोने के 3 मंगल सूत्र, 2 कान के तापस, 2 अँगूठी, एक चॉदी की चैन, 50 तोले चॉदी की 2 पायल और नगद 17 हजार रुपये गायब थे। ठेकेदार प्रवीण खरोले के पुत्र आयुष खरोले ने बताया कि वह अपने भाई के साथ इंदौर में पढ़ाई करता है। कल 30 मार्च को वह घर आए थे, तो घर में ताला लगा था। जिस पर उन्होंने अपने पिताजी से फोन पर बात की, तो उन्होंने बताया कि वह मॉ को लेकर गोंदिया इलाज करवाने के लिए गए हुए है। जिस पर वह अपने भाई के साथ बाईक से गोंदिया चला गया था। आज मॉ को अस्पताल से छुट्टी मिली, तो वह बाईक से गोंदिया से वारा आया और घर पहुँचा, तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया। आयुष ने बताया कि जब वह घर के अंदर आया, तो दोनों बेडरुम में पलंग पर सामान बिखरा हुआ था और कमरे में रखी हुई दोनों आलमारियॉ खुली पड़ी हुई थी। जब मॉ पिताजी आए, तो आलमारियों में रखे हुए सामानों को चेक किया गया, तो पता चला कि उसमें रखे हुए सोने व चॉदी के जेवरात तथा नगदी लगभग 17 हजार रुपये की राशि चोरों ने चुरा ली है। इसके बाद उनके द्वारा पुलिस थाने में खबर की गई। जिस पर तत्काल पुलिस बल घटना स्थल पर पहुँचा और घटना की तहकीकात की। पुलिस अधिकारियों द्वारा परिजनों से भी पूछताछ की गई। फिलहाल अंधेरा हो जाने के कारण पुलिस अधिकारियों ने अधिक कार्यवाही नहीं की है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि शायद कल पुलिस अधिकारी इस मामले में आगे की जॉच पड़ताल कर सकते है। फिलहाल तो वारासिवनी थाना क्षेत्र में चोरी की वारदाते थमने का नाम नहीं ले रही है। जो पुलिस विभाग के लिए सिरदर्द बना हुआ है।



### छात्र-छात्राओं का किया स्वागत, साइकिल और पाठ्य पुस्तकों का हुआ वितरण

# विकासखंड के 302 स्कूलों में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज कटंगी। 1 अप्रैल 2026 से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो गई है। नए सत्र की शुरुआत के पहले दिन बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी के सभी 302 शासकीय स्कूलों सहित सभी प्राइवेट स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया गया। शिक्षा के प्रति उत्साह और सकारात्मक माहौल तैयार करने के लिए 'स्कूल चले हम अभियान' के तहत यह आयोजन किया गया। नगर के शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में बीईओ सी.एस.कुसराम, बीआरसी रविन्द्र हरिनखेड़े, पार्षद श्रीमती मनीषा खेमू कोचर सहित प्रधान पाठक, अभिभावकों की मौजूदगी में एक लघु समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर स्कूल में स्वागत किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों को विशेष आमंत्रण देकर विद्यालयों से जोड़ा गया और उनके हाथों ही विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों और साइकिल का वितरण भी किया गया। नवीन शाला में शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन शाला आने और खूब मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। पार्षद ने कहा कि शिक्षा से मानव पूंजी का निर्माण होता है। व्यक्तिगत और सामाजिक उन्नति के लिए शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह आत्मविश्वास बढ़ाती है और सर्वांगीण विकास के लिए जिम्मेदार है। इसलिए शिक्षा का जीवन में विशेष महत्व है।

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केसर बिसेन नगर के सांदीपनी स्कूल में बतौर प्रमुख अतिथि प्रवेशोत्सव में शामिल हुई। उन्होंने यहां विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं है, बल्कि जीवन जीने की कला है। यह व्यक्ति को सफल, जिम्मेदार और समाजोपयोगी बनाती है। यह न केवल रोजगार और सफलता का मार्ग खोलती है बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक विकास की नींव भी रखती है। इस दौरान प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता, उपप्राचार्य यतीन्द्र अग्रवाल सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थीगण मौजूद रहे। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता देशमुख ने शासकीय हाईस्कूल परसवाड़ाघाट के प्रवेशोत्सव में शिरकत की। यहां नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। जनपद अध्यक्ष ने विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति संवैधानिक अधिकार है। शिक्षित समाज में भेदभाव कम होता है और सभी को समान अवसर मिलते हैं। शिक्षा व्यक्ति को समाज के लिए उपयोगी कार्य करने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती है। इसी प्रकार अन्य स्कूलों में भी प्रवेशोत्सव मनाया गया और विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया गया।



## खबर संक्षेप

### कलश विसर्जन शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**बरघाट।** मंगलवार को माता काली दरबार से विसर्जन के लिए कलश ज्वारे शोभायात्रा निकाली गई, शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बरघाट मुख्यालय से 8 किमी दूर जामुनटोला गांव में माता काली दरबार में प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि को मनोकामना ज्योति कलश स्थापना होती है। बाबा जी महेश नागेश्वर ने बताया कि बड़ी संख्या पर श्रद्धालु महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के जबलपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिवनी जिले के श्रद्धालुओं के द्वारा मनोकामना कलश स्थापना किए गए। नौ दिवस तक सुबह शाम पूजन अर्चन कर देवी भक्तों ने माता काली जी की आराधना किए। मंगलवार को धूमधाम से भव्य कलश ज्वारे शोभायात्रा निकाली गई, शोभायात्रा में शामिल देवी भक्त झूमते नाचते विसर्जन स्थल पहुंचे, विधिविधान से आरती पूजा के पश्चात विसर्जन कुंड में ज्योति कलश ज्वारे विसर्जित किए गए और श्रद्धालु माता काली जी के जयकारे लगाए गए।

### ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस की क्विक रिस्पांस श्रेणी में सिवनी के दिनेश कुमार सनोडिया प्रदेश स्तर पर सम्मानित

**सिवनी।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) सिवनी में कार्यरत दिनेश कुमार सनोडिया को ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं त्वरित कार्य निष्पादन के लिए क्विक रिस्पांस अवार्ड श्रेणी में प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया गया है। उल?लेखनीय है कि 132 के.व्ही. सिवनी-भोमा रेलवे ट्रेक्शन लाइन के टावर पर बिजली गिरने के कारण हुये ब्रेकडाउन की सूचना प्राप्त होते ही भारी बरसात में ही सिवनी में पदस्थ लाइन स्टाफ दिनेश कुमार सनोडिया सिवनी मुख्यालय से लगभग 20 कि.मी. की दूरी पर 35 मिनिट के अल्प समय में पहुँचे, लाइन की पेट्रोलिंग कर फेल हुई सस्पेंशन पोलिमर स्ट्रिंग (टॉप फेज़) फाल्ट का पता लगाया।

### आज माचागोरा में होगी किसान मजदूर पंचायत

**सिवनी :** किसान संघर्ष समिति के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह सिवनी के मातृधाम पहुंचे, जहां उन्होंने क्षेत्र में फसल जलने से पीड़ित किसानों से मुलाकात की। इसके बाद जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण आगजनी की घटनाएं हो रही हैं, जिसकी पूरी जिम्मेदारी और जवाबदेही बिजली विभाग की है।
उन्होंने मांग की कि प्रभावित किसानों को उनकी उत्पादन लागत का डेढ़ गुना मुआवजा दिया जाए। इंद्रजीत सिंह ने बताया कि किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनीलम ने इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। उन्होंने कहा कि इस मांग को लेकर 2 अप्रैल को माचागोरा (छिंदवाड़ा) में आयोजित होने वाली किसान मजदूर पंचायत में प्रस्ताव पारित किया जाएगा। उन्होंने सिवनी जिले के किसानों से अधिक से अधिक संख्या में किसान मजदूर पंचायत में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की।

### एन एस एस विशेष शिविर का सफल समापन सेवा और समर्पण का अनूठा संगम

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में संचालित एनएसएस इकाई छात्र एवं छात्राओं का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत बकौडी मे समापन प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग के संरक्षण में किया गया। इस समापन के अवसर पर जन भागीदारी समिति अध्यक्ष श्री अजय बाबा पांडे, स्पोर्ट्स ऑफिसर के सी राऊर, श्रीमती पूजा राऊर एवं सहायक सचिव कृष्ण कुमार पंचेश्वर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो गनेश कुमार मंतारे ने बताया कि दैनिक गतिविधियों सामाजिक कार्य, जागरूकता अभियान सांस्कृतिक कार्यक्रम के सम्मान समारोह में स्वयंसेवकों को उनके समर्पण भाव के लिए विशिष्ट अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।

# ओवरलोड डंपर पलटने से बड़ा हादसा टला, राख फैलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब राख से भरा एक ओवरलोड डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राख से भरा डंपर तेज रफ्तार और ओवरलोड होने के कारण संतुलन खो बैठा और डूंडा गांव के पास अचानक पलट गया। घटना के समय सड़क पर आवाजाही बनी हुई थी, लेकिन चालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से बच गया।



### सड़क पर फैली राख, लोगों को हो रही परेशानी

डंपर पलटने के बाद बड़ी मात्रा में राख सड़क और आसपास के क्षेत्र में फैल गई, जिससे आवागमन बाधित हो गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों को धूल और राख के कारण सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

राख परिवहन से बढ़ रहा खतरा

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में थर्मल पावर प्लांट से निकलने वाली राख का परिवहन ओवरलोड वाहनों के जरिए लगातार किया जा रहा है। इससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों के अनुसार, राख के कारण वातावरण प्रदूषित हो रहा है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ रही हैं।

### प्रशासन पर उठे सवाल

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई बार शिकायतों के बावजूद ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### मौके पर पहुंची पुलिस, यातायात बहाल

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा, जिसके बाद स्थिति सामान्य कर दी गई।
स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए और राख परिवहन के लिए सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# पेंट और डिस्टेंपर के डिब्बों से 114 किलो गांजा जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नेशनल हाइवे-44 पर मादक पदार्थों की तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा हुआ है। नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) भोपाल की टीम ने मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए लगभग 114 किलो गांजा बरामद किया है। यह कार्रवाई लखनादौन थाना क्षेत्र में की गई, जहां संदिग्ध वाहन को टोल प्लाजा के पास रोककर तलाशी ली गई। पेंट और डिस्टेंपर के डिब्बों का इस्तेमाल जांच के दौरान तस्करों ने बड़ी चतुराई से गांजे को छिपाने के लिए पेंट और डिस्टेंपर के डिब्बों का सहारा लिया था। डिब्बों के नीचे गांजे के पैकेट इस तरह छिपाए गए थे कि पहली नजर में किसी को शक न हो। हालांकि एन सी बी की सतर्क टीम ने बारीकी से जांच करते हुए पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया। गांजा तस्करों ने लगाया दिमाग छत्तीसगढ़ से बड़े पैमाने पर एमपी में गांजे की तस्करी नारकोटिक्स की टीम ने सिवनी में की बड़ी कार्रवाई पेंट और डिस्टेंपर के डिब्बों से 114 किलो गांजा बरामद टोल प्लाजा पर वाहन रोककर ली गई थी तलाशी लाखों में है गांजे की कीमत एनसीबी अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम है। बरामद गांजे की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की तस्करी को रोकने के लिए लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। फिलहाल पुलिस और नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो की टीम मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही यह भी पता करने में जुटी है कि रायसेन में गांजे की खेप किसे डिलीवर होनी थी।




# पारिवारिक विवाद में युवक पर चाकू से हमला, जिला अस्पताल में युवक भर्ती

### घायल युवक ने पत्नी और सास पर लगाया चाकू मारने का आरोप

बंडोल/ बंडोल थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना बंडोल पुलिस थाना के पास की बताई जा रही है।
युवक का अपनी पत्नी और सास के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के दौरान युवक को चाकू लग गया। घायल युवक ने अपनी पत्नी और सास पर हमला करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस के पायलट लकी राय मौके पर पहुंचे और घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।
बंडोल पुलिस भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस द्वारा पूरे घटनाक्रम की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षा का दीप सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय केवलारी में 'प्रवेशोत्सव' का भव्य आयोजन

**केवलारी (सिवनी)** नई उमंग और नए संकल्पों के साथ शैक्षणिक सत्र 2026-27 का आगाज़ हो गया है। इसी कड़ी में सिवनी जिले के केवलारी नगर स्थित सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 'प्रवेशोत्सव' का एक भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर के हृदय स्थल में स्थित इस विद्यालय को उत्सव के लिए दुल्हन की तरह सजाया गया था, जहाँ नन्हे-मुन्ने बच्चों का स्वागत किसी पर्व की तरह हुआ।

पुष्प वर्षा और तिलक से हुआ आत्मीय स्वागत

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 07 बजे हुआ। जैसे ही नव-प्रवेशी छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की दहलीज पर कदम रखा, उन पर पुष्प वर्षा की गई। वरिष्ठ शिक्षकों और अतिथियों द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इसके उपरांत स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'वंदेमातरम' के ओजस्वी गान ने पूरे वातावरण को देशभक्ति और उत्साह से भर दिया।

नन्हे हाथों में थमाई गई शिक्षा की मशाल

शासन की मंशा अनुरूप, इस अवसर पर नए छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक सामग्री वितरित की गई। मुख्य आकर्षण बच्चों के चेहरे की वह मुस्कान थी, जब उन्हें अतिथियों के हाथों से निशुल्क पुस्तकें एवं गणवेश साइकिलें एवं शैक्षणिक उपहार प्रदान किए गए।



### गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस भव्य समारोह में राजनीति और पत्रकारिता जगत के प्रमुख चेहरों ने शिरकत की। कार्यक्रम में जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष देवी सिंह बघेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप बघेल, कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभाष बघेल, श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हाजी रफीक खान, वरिष्ठ पत्रकार रमाशंकर महोबिया, सचिन अवधिया पूर्व मंडल अध्यक्ष, एल्डरमैन पार्षद सुधीर पाण्डे, एडवोकेट पवन यादव, और पत्रकार रामनरेश दुबे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।
विद्यालय के प्राचार्य एल.आर. बछलिया एवं उपप्राचार्य अशोक अवस्थी ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय की शैक्षणिक कार्ययोजना साझा की।
वक्ताओं का संदेश शिक्षा है दुनिया बदलने का सबसे बड़ा हथियार₹ मंच से बच्चों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। वरिष्ठ शिक्षकों ने नेल्सन मंडेला के विचारों को दोहराते हुए कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है, जिसका इस्तेमाल आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। अतिथियों ने बच्चों को अनुशासन, माता-पिता और गुरुजनों के सम्मान की सीख दी।

# आज हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष श्रृंगार-पूजन, निकलेगी भव्य पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर इस वर्ष भी सिवनी नगर में धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिलेगा। बुधवारी बाजार स्थित बजरंग अखाड़ा में 2 अप्रैल, गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।
बजरंग अखाड़ा समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यहां विराजमान हनुमान जी की प्रतिमा लगभग 100 वर्षों पुरानी है, जिसके दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है और विशेष श्रृंगार की तैयारी की गई है।
कार्यक्रम के तहत प्रातः 6 बजे भगवान हनुमान जी का विशेष पूजन, अभिषेक एवं आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। इसके पश्चात महाआरती और हवन का आयोजन होगा। दोपहर 2 बजे बजरंग अखाड़ा समिति द्वारा भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों—बजरंग अखाड़ा, दुर्गा चौक, गिरिजा मंदिर, राम मंदिर (शुक्रवारी), नगरपालिका चौक होते हुए पुनः बजरंग अखाड़ा पहुंचेगी।
शाम 6 बजे महाआरती के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति द्वारा नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।




### आज श्री कपीश्वर हनुमान कल्याण समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन, दिनभर होंगे विविध धार्मिक कार्यक्रम

सिवनी। नगर के बारापत्थर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित श्री कपीश्वर हनुमान मंदिर में आगामी 02 अप्रैल (गुरुवार) को हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।
श्री कपीश्वर हनुमान कल्याण समिति, बारापत्थर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सिवनी (म.प्र.) द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 05.30 बजे हनुमान जी के अभिषेक से होगी। इसके पश्चात 07 बजे श्रृंगार आरती एवं 08 बजे हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुंदरकांड की चौपाइयों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। दोपहर 12 बजे भोग आरती अर्पित की जाएगी। इसके बाद दोपहर 03 बजे महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ किया जाएगा, जो शाम 06.30 बजे महाआरती के साथ भक्तिमय वातावरण अपने चरम पर पहुंचेगा। तत्पश्चात 07 बजे से महाप्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारा प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। श्री कपिश्वर हनुमान कल्याण समिति ने समस्त सनातन धर्म प्रेमी बंधुओं एवं प्रभु श्री हनुमान जी के भक्तों से इस भव्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का विनम्र आग्रह किया है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को दिव्य एवं आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हो सके।

### सिवनी में 6 से 14 अप्रैल तक श्रीमद्भागवत कथा, राजश्री पैलेस में होगा भव्य आयोजन

**सिवनी।** सनातन धर्म की पावन परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सिवनी शहर में 6 अप्रैल से 14 अप्रैल 2026 तक श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह दिव्य श्रीमद भागवत कथा शहर के राजश्री पैलेस में आयोजित होगी, जहां श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की अमृतमयी लीलाओं का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।
शोभायात्रा के साथ होगा शुभारंभ
आयोजन का शुभारंभ सोमवार 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे भव्य शोभायात्रा एवं मंडल प्रतिष्ठा पूजन के साथ किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।
पं. प्रेमकृष्ण शास्त्री करेंगे कथा वाचनकथा व्यास के रूप में विख्यात विद्वान पं. प्रेमकृष्ण शास्त्री जी अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराएंगे।

# तीन विभागों की आंखों में धूल झोंक कर शासकीय भूमि का अवैध किराया वसूल रहा शिक्षक

**हरिभूमि राकेश अगरवार।** बरघाट _ पवित्र ओर ईमानदारी का ढोंग कर धन्ना सेठों की आड़ लेकर शिक्षा विभाग को कलंकित करने वाला शिक्षक संजय तिवारी जमीन सरकारी, किराया लेता शिक्षक, दुकान वेल्डिंग की किराया लेट शिक्षक,बैठकी ठेकेदारी, नगर परिषद की, किराया लेता शिक्षक, नगर परिषद के अधीन सरकारी जमीन पर अवैध वेल्डिंग शॉप, और फिर उसी जमीन पर कब्जा कर टीन टॉपर के "डब्बे" जैसी दुकानों का निर्माण कराया है और उसके बाद उसे कई सालों से किराया पर चला रहा है, यह कोई आम आदमी की लैला–मजनू की कहानी नहीं, यह बरघाट नगर की सरकारी जमीन से जुड़ा एक कालाकाला घोटाला है, जिसकी रंग–ढंग और चालें देखकर आम नागरिक भी हैरान और निराश हैं।
शिक्षा विभाग! के नाम पर गुंडागर्दी की दुकान
सरकारी शिक्षक संजय तिवारी जो खुद को शिक्षा प्रणाली के मानवीय स्तंभ बताते हैं, वे ही इस सारे खेल के मास्टरमाइंड हैं, नगर परिषद के अधीन आने वाली सरकारी जमीन पर वेल्डिंग शॉप की दुकान 10 वाई 20 के आकार में वेल्डिंग शाफ के नाम से चलने का जो दृश्य है, वह केवल आर्किटेक्चर नहीं,सामाजिक न्यायपरिचालन का अपमान है, यह जो सरकारी जमीन है, जिस पर नगर परिषद को कानूनी अधिकार है, उसको अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए किराए पर देना, उसके तहत लगभग 4000 से 5000 रुपए प्रतिमाह किराया वसूलना, और यह सब वर्षों से चलतेचलते कई लाखों रुपये वसूल कर लेना,यह शिक्षक,नहीं किसी, हफ्तावसूली वाला गुंडा के सामान है।
नगर परिषद, अधिकारी की है आंखें बनी हुई है बटन बंद
शिकायत पत्र लगभग 6 माह पहले नगर परिषद बरघाट में दिए जाने के बाद भी आखिर क्यों नही हटा संजय तिवारी का अवैध निर्माण सवाल उठता है, नगर परिषद का प्रशासन इस सारे खेल को देखकर खड़ा क्यों है? नगर परिषद के प्रशासनिक अधिकारी वेद प्रकाश ओमपुरी जैसे व्यक्ति संजय तिवारी की बड़ "बोलपन" के इतने मुरीद बन गए हैं कि आंखें बंद करके कुंभकर्णी नींद पर सो रहे हैं, जब सरकारी जमीन पर अवैध लोहावेल्डिंग दुकान जिसे से लोहा टीन से "डब्बास्टाइल" मे दुकान बनाकर,अपने घर के सामने "प्राइवेट शॉपिंग कल्चर" में तब्दील कर दिया और साथ ही हफ्ता वसूली के नाम पर किराया वसूल कर लाखों रुपये अपनी जेब में डाल रहा है , तब भी नगर परिषद अधिकारी की आंखें पूरी तरह बंद है।
संजय तिवारी "बड़ेबड़े सेठों के संरक्षण" में पला हुआ लगता है। जिस तरह के नेटवर्क द्वारा उसकी दबंगई को और भी मजबूत रखा जा रहा हैं,वह नगर परिषद की सरकारी जमीन पर अपनी दबंगई के तहत न केवल वेल्डिंग शॉप किराया पर चलाता है उस दुकान को ,टीन टप्पर के "डब्बास्टाइल" दुकान के रूप में पक्का कर खड़ा कर देता है, और सरकारी जमीन होने के बावजूद भी उसे दुकान को किराए पर देता है,और हफ्ता वसूली के समान किराया वसूली करता है। "गुंडों की हफ्तावसूली" से कम नहीं आका जा सकता, यहां न तो नगर परिषद के नियम हैं, न कोई जमीन रिकॉर्डआधारित पट्टा, बस एक शिक्षक का दबंगअधिकार है।



**शिक्षक संजय तिवारी के खिलाफ जांच की मांग तेज! शिक्षा की आड़ में किराया वसूली**

शिक्षा का मंदिर भी हो रहा दूषित शिक्षा या गुंडागर्दी?
सवाल दूसरी तरफ भी जाता है,क्या इस संजय तिवारी के द्वारा स्कूल के शिक्षा मंदिरों में बच्चों को गुंडागर्दी की शिक्षा दी जा रही है या भविष्यसंवारने वाली नैतिक शिक्षा? जो व्यक्ति सरकारी जमीन पर अपनी कूटनीति के जरिए बरघाट नगर में "किरायादुकानों" का खेल चला रहा है, वही शिक्षक बच्चों के दिमाग में ईमानदारी, निष्ठा और कानूनपालन की भावना कैसे बैठाएगा? यह एक बड़ा सामाजिक विरोधाभास है।

### जिला कलेक्टर मैडम से जल्द ध्यान आकर्षित करने की अपील ओर सीधा सवाल भी

विगत लगभग 1 वर्ष से इस पूरे मामले में कलेक्टर मैडम से भी एक सीधा सवाल उठता है,कब नगर परिषद की इस सरकारी जमीन को इस "किराए के नाम पर हफ्तावसूली वाला" शिक्षक संजय तिवारी से मुक्त कराया जाएगा? जिला प्रशासन ने अन्य जगहों पर भी सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए निर्देश दिए हैं, तो बरघाट नगर की नगर परिषद की जमीन पर भी ऐसा कानूनीप्रशासनिक इंटरवेंशन कब होगा? बरघाट नगर में उजागर हुआ एक कालाकाला घोटाला नगर परिषद के अधीन आने वाली सरकारी जमीन पर अवैध रूप से वेल्डिंग शॉप, तीन टॉपर के "डब्बास्टाइल" दुकान और उनके किराए के नाम पर हफ्तावसूली का खेल–यह सब सरकारी शिक्षक संजय तिवारी के नाम से जुड़ा है, नगर परिषद के प्रशासनिक अधिकारी वेद प्रकाश ओमपुरी इस शिक्षक की दबंगई और राजनीतिक ढंग से चल रही एजेंडागिरी के इतने मोहताज बन गए हैं कि वे अपनी आंखें बंद करके कुंभकर्णी नींद में डूबे हुए हैं,एक व्यक्ति जो खुद को "जगतगुरु शंकराचार्य जी का शिष्य" और "राष्ट्रीय हिंगलाज सेना का प्रदेश संगठन मंत्री" जैसे बड़ेबड़े पदवी देता है, वही नगर परिषद की जमीन पर गुंडागर्दी की हफ्तावसूली चला रहा है,क्या नगर परिषद लगा पाएगी इस संजय तिवारी की दबंगई पर लगाम? आखिर क्यों नही कशी जा रही है शिक्षक संजय तिवारी पर शिक्षा विभाग शिकंजा यह समझ के परे है ।

# महावीर जयंती पर सिवनी नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर सिवनी नगर में भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा नगर भक्ति, आस्था और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, युवा एवं बच्चे शामिल हुए और जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली, जिसमें भगवान महावीर के संदेश—अहिंसा, सत्य और करुणा—का प्रसार किया गया। जगह-जगह स्वागत मंच बनाकर शोभायात्रा का पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया।



जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की रही विशेष उपस्थिति

इस भव्य आयोजन में कई प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी शामिल हुए। मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष सुदर्शन बाझल , सिवनी विधानसभा के विधायक दिनेश राय मुनमुन , पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कटनी जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर , पूर्व विधायक राकेश सिंह पाल , समाजसेवी संजय मालू, अतुल मालू, राकेश कक्कू बेस एवं नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया , पत्रकार हिमांशु कौशल शोभायात्रा में सम्मिलित होकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। सभी अतिथियों ने भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए समाज में प्रेम, भाईचारे और अहिंसा को अपनाने की अपील की।

**धार्मिक आस्था और उत्साह का संगम**

शोभायात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, झांकियां एवं धार्मिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए इस आयोजन को यादगार बना दिया। महावीर जयंती के इस अवसर पर सिवनी नगर में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया।

## कृषि एवं संबद्ध विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न

# प्राकृतिक खेती, तकनीकी नवाचार तथा नरवाई प्रबंधन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह के साथ ही कृषि, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी, उद्यानिकी, विपणन, कृषि अभियांत्रिकी एवं एम.पी. एग्रो सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।
बैठक की शुरुआत में कलेक्टर श्रीमती पटले ने आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने फसल विविधिकरण एवं बहु फसली कृषि पद्धति को बढ़ावा देने के साथ ही फसलों में यूरिया उर्वरक के सीमित उपयोग पर जोर दिया। साथ ही प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अधिक रकबे में अपनाने हेतु मैदानी स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए।
उन्होंने उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि ई-विकास प्रणाली के माध्यम से 1 अप्रैल 2026 से उर्वरक वितरण पूर्णतः ऑनलाइन किया जाए, जिससे पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित हो सके।
कलेक्टर श्रीमती पटले ने किसानों तक उन्नत बीजों की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्तायुक्त बीज समय पर उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही उद्यानिकी एवं नगदी फसलों के रकबे में वृद्धि पर विशेष जोर देते हुए संबंधित विभागों को लक्ष्य आधारित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।
नवीन फसल तकनीकों के प्रचार-प्रसार हेतु ग्राम स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों को नई फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा सके

## दुकान के सामने विरोध प्रदर्शन

# शराब दुकान से परेशान महिलाएं




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट के मोतीनगर स्थित शराब दुकान के सामने बुधवार को वार्ड की महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। महिलाएं दुकान हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गईं।

दरअसल, नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 24 में देशी और विदेशी शराब की दुकान लंबे समय से आवासीय क्षेत्र में संचालित हो रही है। इसे हटाने के लिए महिलाएं लगातार आंदोलन कर रही थीं। जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर चुकी थीं।

महिलाओं को उम्मीद थी कि 1 अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष में शराब दुकान का स्थान बदल दिया जाएगा। हालांकि, 1 अप्रैल को जब दुकान फिर से खुली, तो महिलाएं आक्रोशित हो उठीं और अपने घरों से निकलकर दुकान के सामने विरोध प्रदर्शन करने लगीं।

रहवासी महिला भूमिका मदनकर ने बताया कि उन्होंने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर दुकान हटाने की मांग की थी। उनका कहना था कि यह दुकान वार्ड के माहौल को दूषित कर रही है और बच्चों व महिलाओं की सुरक्षा के लिए खतरा बन रही है।

भूमिका मदनकर के अनुसार, जिले के प्रभारी मंत्री, प्रशासन और सांसद ने उन्हें आश्वासन दिया था कि नए वित्तीय वर्ष से शराब दुकान हटा दी जाएगी, लेकिन दुकान के फिर से खुलने से महिलाएं आक्रोशित हैं। वे चाहती हैं कि इसे वार्ड से हटाकर कहीं और स्थापित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक दुकान नहीं हटाई जाती, तब तक महिलाओं का विरोध जारी रहेगा।

# फर्जी सिम रैकेट का भंडाफोड़: सैकड़ों बार एक ही चेहरा इस्तेमाल, बालाघाट में 3 केस दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



बालाघाट में पुलिस ने एक बड़े साइबर फर्जीवाड़े का पर्दाफाश किया है, जिसमें एक ही व्यक्ति के चेहरे का इस्तेमाल कर 105 मोबाइल सिम कार्ड जारी कराए गए। मामला पुलिस थाना कोतवाली बालाघाट में दर्ज अपराध क्रमांक 184/2026 से जुड़ा है।सायबर सेल प्रभारी कमलेश यादव की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने एक ही चेहरे की फोटो को अलग-अलग तरीके से एडिट कर फर्जी आधार और वोटर आईडी बनाए। इन दस्तावेजों के जरिए अलग-अलग नामों से सिम कार्ड लिए गए, जिनका उपयोग साइबर अपराधों में होने की आशंका है।जांच में पीओएस एजेंटों की मिलीभगत भी उजागर हुई है। इसमें खुमेश उर्फ सौरभ सिंह, सय्यम, जगेश्वर, खुमेश, संजय और अनय के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने बिना सही केवाईसी के सिम जारी किए।बालाघाट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी, आईटी एक्ट और दूरसंचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। इसी पैटर्न के तीन और मामलों का खुलासा होने पर कोतवाली में कुल चार एफआईआर दर्ज कर ली गई हैं।इधर परसवाड़ा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी खुमेश गौतम (निवासी ग्राम भोरवाही) को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उससे गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में अहम सुराग मिलने की उम्मीद है।पुलिस का कहना है कि यह नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय था और देशभर में साइबर ठगी को अंजाम दे सकता है। फिलहाल सभी पहलुओं पर जांच जारी है।पुलिस की सलाहःबालाघाट पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सिम कार्ड लेते समय पूरी सावधानी बरतें और अपने दस्तावेज किसी अनजान व्यक्ति को न दें।

## बालाघाट जिले में 15 अप्रैल से शुरू होगी गेहूं की खरीदी

**बालाघाट।** विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए निर्धारित एसओपी जारी की गई है। राज्य शासन द्वारा उपार्जन तिथि को संशोधित करते हुए इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में गेहूं खरीदी 10 अप्रैल, 2026 से और शेष संभागों में 15 अप्रैल, 2026 से की जाएगी। जबलपुर संभाग के जिलों में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 15 अप्रैल से शुरू होगी। बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए 4388 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के लिए 13 केन्द्र बनाये गये हैं और उनमें गेहूं की खरीदी के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

## उच्च श्रेणी शिक्षक दुलीचंद बरगैया जी हुये सेवानिवृत



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पितकोना संकुल डाबरी विकासखंड बिरसा जिला बालाघाट से उच्च श्रेणी शिक्षक श्री दुलीचंद बरगैया प्रधानपाठक पितकोना आज 31 मार्च 2026 को शिक्षा विभाग से सेवानिवृत हो गये। बता दे कि इनकी प्रथम नियुक्ति 23 जून 1986 को राजनांदगाव जिला में हुई थी। सरल स्वभाव व व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। इनकी सेवा निवृत्ति कार्यकम में श्री ओमप्रकाश डोहरे संकुल प्राचार्य डाबरी, राधेश्याम घुले, घनश्याम बसोने जनशिक्षक के साथ शिक्षक तुकाराम घोरमारे, कैलाश हरिणखेड, सपनील येड़े, विवेक कुमार खोगंल, तिलकचंद नारनौरे, प्रकाश बुर्रे, नरेश गजबे, डुडेश्वर गुरदे, मनोज मोरघडे, चदेले सर, सुशील येडे, महेश बिसेन, शिवकुमार बनोठे, निरंजन ठाकरे, किशन बागड़े, रूपलाल चौधरी, गामेश्वर हरिणखेड़े, अनिल कुमार मडावी, नवनीत गोड़ाने, बोरकर सर, संतोष रामटेक्कर, कृष्णकुमार लिल्हारे व अन्य शिक्षक साथीयों के साथ ही शाला प्रबंधन समिती के समस्त सदस्यगण ग्रामिणजन के साथ ही परिवार के सभी सदस्यो की उपस्थिती में सेवानिवृत होने पर बिदाई दी गई। सभी उपस्थितजनों ने बरगैया जी को आगे जीवन सुखमय एवं स्वस्थ स्वास्थ्य की कामना करते हुये दिघायु जीवन जीये ऐसी ईश्वर से कामना की।

## शास. प्राथ. शाला गर्रा डिपो में मनाया गया प्रवेश उत्सव दिवस




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 1 अप्रैल को शासकीय प्राथमिक शाला गर्रा डिपो में प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव के दौरान नव प्रवेशित बच्चों को चॉकलेट तथा सुरुचि भोज से स्वागत करते हुए तिलक लगाकर उत्सव को मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत गर्रा की पंच श्रीमती जुबेदा सलीम शाह की उपस्थिति रही, बच्चों को चॉकलेट देकर तथा पुस्तक प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानपाठिका श्रीमती किरण त्रिवेदी, शिक्षक भारत भूषण उपस्थित रहें।

## केन्द्रीय इस्पात सचिव एवं संयुक्त सचिव की मॉयल भरवेली को सौजन्य भेंट, उत्पादन वृद्धि व आधुनिकीकरण पर हुआ मंथन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित मॉयल लिमिटेड भरवेली खदान में बुधवार, 1 अप्रैल को केन्द्रीय इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौड्रिक एवं संयुक्त सचिव डी.एम. पाण्डे का अल्प प्रवास हुआ। उनके आगमन पर कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक विश्वनाथ सुरेश तथा निदेशक (वित्त) राकेश तुमाने ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर विश्राम गृह में एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें मॉयल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सचिव एवं संयुक्त सचिव ने विस्तार से चर्चा की। अपने संबोधन में सचिव संदीप पौड्रिक ने इस्पात उद्योग के सामने उभरती चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए उत्पादन क्षमता बढ़ाने के उपायों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक और मशीनीकरण को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से संवाद करते हुए विभिन्न तकनीकी और प्रबंधन संबंधी पहलुओं पर सवाल-जवाब भी किए।

बैठक के पश्चात दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने भूमिगत खदान का निरीक्षण किया। उन्होंने खदान के भीतर संचालित कार्यों की बारीकियों को समझा और सुरक्षा, उत्पादन तथा कार्यप्रणाली को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मॉयल के फैरो प्लांट सहित अन्य महत्वपूर्ण इकाइयों का भी दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

इस दौरान बालाघाट के कलेक्टर मृणाल मीणा ने भी भरवेली विश्राम गृह पहुंचकर केन्द्रीय इस्पात सचिव एवं संयुक्त सचिव से मुलाकात की। उन्होंने जिले में खनन गतिविधियों, औद्योगिक विकास और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों को लेकर विचार-विमर्श किया। इस मुलाकात को क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## चिचगांव सरपंच पर अभद्र व्यवहार, मारपीट का आरोप



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट के कटंगी क्षेत्र के कोड़मी गांव की महिलाओं ने चिचगांव के सरपंच अरविंद खरे पर अभद्र व्यवहार और मारपीट के प्रयास का आरोप लगाया है। महिलाएं बुधवार को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराने एसपी कार्यालय पहुंचीं। उनका आरोप है कि सरपंच ने शराब पकड़ने गई महिलाओं का विरोध किया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

महिलाओं ने एसपी को बताया कि सरपंच अरविंद खरे गांव में अवैध रूप से शराब बेचने वाले राजेंद्र भंवरे, सुकदास हरदे और पंकज भंवरे को संरक्षण देते हैं। यह शिकायत अपराह्न 4 बजे एसपी कार्यालय में दर्ज कराई गई।

महिला सरिता ढेकवार ने जानकारी दी कि गांव को शराब मुक्त बनाने में उन्हें काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी तक गांव में शराबबंदी लागू करने का निर्णय लिया गया था। 30 अगस्त 2025 को उन्होंने गांव में शराब बेचने वाले के यहां दबिश दी थी, जहां से शराब पकड़ी गई।

सरिता ढेकवार के अनुसार, इसी दौरान चिचगांव के सरपंच अरविंद खरे वहां पहुंचे और महिलाओं के साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्रता की और उन्हें धमकी भी दी। इसी घटना की शिकायत करने के लिए वे एसपी कार्यालय आई हैं।

महिलाओं ने बताया कि गांव में शराब की बिक्री से बच्चों और युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। शाम के समय शराबियों का जमावड़ा चौक-चौराहों पर लग जाता है, जिससे महिलाओं का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है और गांव का माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने गांव में पूर्ण शराबबंदी की मांग की है।

## पीएम श्री स्कूल अमेड़ा डी में हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रवेश उत्सव

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।**



पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेड़ा डी में सत्र 2026-27 के प्रथम दिवस प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया गया प्रवेश उत्सव में पधारे मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत अमेडा डी की सरपंच महोदया टेकेश्वरी दिलीप लिल्हारे, उप सरपंच सीमा अरुण तेलासे एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष संस्था के प्राचार्य बी. एस. घरते द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया उसके बाद संस्था में श्रीमती कुंजाम मैडम, फूलवती सिंह मैडम (प्रधान पाठक मा शाला,) नरेंद्र गोखले द्वारा शासन की योजनाओं एवं परीक्षा संबंधित जानकारी विस्तार से बताया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि सीमा अरुण तेलासे उपसरपंच , टेकेश्वरी दिलीप लिल्हारे सरपंच ग्राम पंचायत अमेड़ा डी द्वारा बच्चों को नवीन सत्र में प्रवेश हेतु शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं संस्था के प्राचार्य बी एस घरते द्वारा शासन की योजनाओं, प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा संबंधित जानकारी विस्तार से दी गई । सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इसके बाद मुख्य अतिथियों एवं संस्था के प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया । कार्यक्रम के अंत में एस.पी ब्रम्हे द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन संस्था में पदस्थ परमानंद टेंभरे द्वारा किया गया है।

## शराबी बाइक चालक की टक्कर से घायल वृद्ध महिला रेफर

### दो सड़क हादसे 04 लोग घायल

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**



कटंगी थाना क्षेत्र में बुधवार के दिन अलग-अलग दो सड़क हादसों में कुल 04 लोग घायल हुए है। जिनमें से तीन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। पहली घटना कटंगी से बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर खजरी के पास संचालित एक पेट्रोल पंप के सामने की है। यहां एक शराबी बाइक चालक ने वृद्ध दंपत्ति की बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। इस हादसे में वृद्ध दंपत्ति को चोट आई है। वृद्ध महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया है। घटना बुधवार की दोपहर 12 बजे के आस-पास की है। हादसे में सावरी निवासी कांता सहारे को सिर और हाथ-पैर में गंभीर चोट आई हैं वहीं कांता बाई के पति टोरमल सहारे को मामूली चोट आई है। यह वृद्ध दंपत्ति अपने गांव से कटंगी की तरह किसी काम से आ रहे थे। वहीं ग्राम महदुली का राजू पंचेश्वर खजरी की तरफ घूमने के लिए जा रहा था। राजू ने बड़ी मात्रा में शराब का सेवन कर रखा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया राजू पेट्रोल पंप से गाड़ी में पेट्रोल लेकर मुख्य सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार से निकल रहा था। वहीं वृद्ध दंपत्ति गाड़ी में पेट्रोल लेने के लिए पंप की तरफ मुड़ रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने राजू और वृद्ध दंपत्ति को अस्पताल लाया।

**बाइक के अनियंत्रित होने से 2 लोग गंभीर रुप से घायल:** दूसरी घटना कटंगी-सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर एक बाइक के अनियंत्रित होने से दो लोगों को गंभीर रुप से घायल होने की है। घायलों की पहचान कटंगी निवासी राजेश पिता बनवारी लाल चौरसिया उम्र 55 वर्ष और मोहन उर्फ मोटू सहारे उम्र 35 वर्ष के रुप से हुई हैं। यह हादसा दोपहर करीब साढ़े 12 बजे के आस-पास उस वक्त हुआ जब दोनों ही स्कूटी बाइक पर सवार होकर अंबामांई की तरफ जा रहे थे। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर डायल 112 घटनास्थल पर पहुंची। आरक्षक मनोज पटेल और चालक छत्तरलाल गौतम ने घायलों तत्काल नजदीक के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पतला बालाघाट रेफर कर दिया गया है। स्कूटी वाहन इस कदर अनियंत्रित हुआ कि सड़क से करीब 10 से 12 फीट नीचे उतर गया और दोनों ही जमीन पर गिरे हुए थे।

## झालीवाड़ा में हुआ चौपाल का आयोजन

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत झालीवाड़ा में मध्यप्रदेश शासन की मंशा अनुसार जिला प्रशासन बालाघाट द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत भवन झालीवाड़ा में वारासिवनी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्तिकेय जायसवाल आईएएस की अध्यक्षता में रात्रि आठ बजे से ग्राम चौपाल का शुभारंभ हुआ। एसडीएम श्री जायसवाल ने दो पक्षीय संवाद स्थापित करते हुए ग्रामीण जनता की समस्याओं और मांगों को सुना तथा उपस्थित विभागीय अमले से समस्या के निराकरण पर उस विभाग का भी पक्ष सुना। ग्रामीण जनता द्वारा मूलतः अवैध रेत खनन, अवैध शराब बिक्री, प्रधानमंत्री आवास, वृद्धा पेंशन, सिंचाई व्यवस्था, एथेनाल प्लांट से उपजे प्रदूषण से संबंधित समस्याएं रखी गई।

## उत्साह, निष्ठा एवं प्रयासों से रीजन, वृत्त, संभाग एवं वितरण केन्द्र पर किया उत्कृष्ट कार्य

# विद्युत विभाग ने लक्ष्य से अधिक वसूला राजस्व






**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जबलपुर रीजन के मुखिया एस.के. गिरिया , मुख्य अभियंता, (जबलपुर क्षेत्र)के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। जिसमें रीजन स्तर पर 25676.30 लाख के लक्ष्य के विरुद्ध 21077.10 लाख रुपए का राजस्व संग्रहण करते हुए 82.09% की प्रभावशाली उपलब्धि के साथ पूर्व क्षेत्र कंपनी के समस्त रीजन स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना संपूर्ण टीम की प्रतिबद्धता, समर्पण और उत्कृष्ट समन्वय का जीवंत प्रमाण है।विशेष रूप से, वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में विभाग द्वारा किए गए प्रयासों ने ऐतिहासिक परिणाम दिए। बालाघाट वृत ने 2404.53 लाख के लक्ष्य के विरुद्ध 100.43% राजस्व अर्जित कर कंपनी स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि अमित कुमार अधीक्षण अभियंता, वृत बालाघाट के प्रेरणादायी नेतृत्व, एवं टीम की अथक मेहनत का प्रतिफल है।

वहीं कंपनी स्तर पर संभागीय प्रदर्शन की बात करें तो वारासिवनी संभाग के बाबूलाल बैना कार्यपालन अभियंता, वारासिवनी ने अपने प्रभावशाली नेतृत्व एवं उत्कृष्ट कार्यशैली से 758.391 लाख के लक्ष्य के विरुद्ध 814.54 लाख रुपए का राजस्व संग्रहण कर 107.33% उपलब्धि के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया।

इसी क्रम में श्री रवि कुमार कुम्हरे कार्यपालन अभियंता, बालाघाट ने 1102.23 लाख के लक्ष्य के विरुद्ध 1150.25 लाख रुपए का राजस्व संग्रहण करते हुए 104.36% उपलब्धि के साथ पूर्व क्षेत्र कंपनी स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि उनके समर्पण, निरंतर प्रयासों, कुशल नेतृत्व एवं टीम के साथ उत्कृष्ट तालमेल का परिणाम है। वितरण केंद्र स्तर पर भी उत्कृष्टता का परिचय दिया गया है।

वितरण केंद्र हट्टा के कनिष्ठ अभियंता बिरजू उईके ने 46.82 लाख के लक्ष्य के विरुद्ध 69.03 लाख रुपए का राजस्व संग्रहण कर 147.44% की शानदार उपलब्धि हासिल की। इसी क्रम में बैहर संभाग के लक्ष्मण सिंह वल्के, कार्यपालन अभियंता द्वारा दूरस्थ एवं वियरल उपभोक्ता क्षेत्रों तक सतत एवं योजनाबद्ध प्रयासों के माध्यम से लक्ष्य के अनुरूप 82.82% राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करना सराहनीय रहा है। बालाघाट जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपने अदम्य उत्साह, निष्ठा एवं सामूहिक प्रयासों से हर स्तर—रीजन, वृत, संभाग एवं वितरण केंद्र—पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है। इस ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए वृत, संभाग एवं वितरण केंद्र स्तर पर कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सहायक अभियंताओं, राजस्व वसूली टीमों एवं सत प्रतिशत राजस्व लक्ष्य प्राप्त करने वाले वितरण केंद्र प्रभारी एवं राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निकटतम लक्ष्य तक पहुंचने वाले समस्त वितरण केंद्र प्रभारी वह समस्त वितरण केंद्रों को बड़ी उपलब्धि रहीं।

## शास. महा. मलांजखंड में रेड रन मिनि मैराथन का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**




डॉ सुधन्वा सिंह नेताम शास. महा. मलांजखंड में राष्ट्रीय सेवा योजना ‟रेड रन मिनी मेराथन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के संरक्षक आदरणीय प्राचार्य डॉ. महेश कुमार धुर्वे सर के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया यह मैराथन एड्स (एडस) के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित कराई गई। प्राचार्य सर ने अपने उद्बोधन मे छात्र-छात्राओ को संबोधित करते हुए युवाओं और समुदाय में एड्स के प्रति जागरुक होने एवं इससे होने वाले दुष्परिणाम के बारे में सकारात्मक सुझाव प्रस्तुत किए इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रा. श्री संदीप कुमार गेडाम सर ने रेड रिबन में लाल रंग एचआईवी एड्स रोकथाम के प्रति एक जुटता और समर्थन का प्रतीक है‟ के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. मनोज कुमार मरावी एवं आरआरसी सदस्यों के द्वारा सम्पन्न कराया गया, इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. रश्मि महोबिया, डॉ. करुणा पटेल, डॉ. ऋषभ बिसेन, श्री प्रदीप साहू, डॉ. शशांक महेश, डॉ. देवला बोरकर, डॉ. विजय मिश्रा, डॉ. बृजेश धर दुबे एवं महाविद्यालय स्टाफ एवं समस्त छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।